उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 28 फाल्गुन, शक संवत्, 1934

( दिनांक : 19 मार्च, 2013 )

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "क")।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी "ख" तथा "ग")

3. निधन के निदेश।

4. परिवहन मंत्री, सड़क परिवहन निगम अधिनियम 1950 की धारा 33(4) के अधीन उत्तराखण्ड परिवहन निगम के वार्षिक लेखे एवं सम्परीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2004-05, 2005-06, 2006-07, 2007-08, एवं 2008-09 को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. समाज कल्याण मंत्री, उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग अधिनियम, 2003 की धारा 15 के अधीन उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग, का वार्षिक प्रतिवेदन ( अप्रैल 2011 से मार्च, 2012 तक) तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की वार्षिक रिपोर्ट (2010-11 तथा 2011-12) को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. कृषि मंत्री, एकल सदस्यीय (के0 आर0 भाटी) जांच आयोग (जांच आयोग अधिनियम 1952 की धारा 3 के अन्तर्गत) प्रतिवेदन भाग-1सदन के पटल पर रखेंगे।

7. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 105 के अन्तर्गत राज्य विद्युत नियामक आयोग के वर्ष 2011-12 की वार्षिक रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखेंगे।

8. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 182 के अधीन उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के विनियमों के निम्नलिखित संकलनों को सदन के पटल पर रखेंगे :-

(1) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (नवीनीकरण ऊर्जा स्रोतों तथा गैर जीवाश्म ईंधन आधारित, सह उत्पादक स्टेशनों से विद्युत की आपूर्ति हेतु शुल्क एवं अन्य निबन्धन, प्रथम संशोधन) विनियम, 2012;

(2) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (नवीनीकरण ऊर्जा स्रोतों तथा गैर जीवाश्म ईंधन आधारित, कोजेनरेशन स्टेशनों से विद्युत की आपूर्ति हेतु शुल्क एवं अन्य निबन्धन) विनियम, 2010, कठनाईयां दूर करना (प्रथम) आदेश, 2010 (आदेश दिनांक 28.10.2010); और

(3) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (शुल्क के अवधारण हेतु निबन्धन एवं शर्तें) विनियम, 2011

9. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

10. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर में विकासखण्ड कपकोट (मल्ला दानपुर) के ग्राम कीमू का विद्युतीकरण कराये जाने के संबंध में" श्रीमती दीपा देवी निवासी- ग्राम पंचायत कीमू एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर में विकासखण्ड कपकोट (मल्ला दानपुर) के ग्राम सतगढ़ में विद्युतीकरण कराये जाने के संबंध में" श्रीमती कुसुम मेहता निवासी- ग्राम पंचायत गोगिना एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर में विकासखण्ड कपकोट (मल्ला दानपुर) के ग्राम पंचायत रातिरकेटी में विद्युतीकरण कराये जाने के संबंध में" श्रीमती कुसुम मेहता निवासी- ग्राम पंचायत गोगिना एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर के तहसील गरूड़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पुरड़ा, तहसील व ग्राम पंचायत बढ़सेर, विकास खण्ड मुख्यालय गरूड़ को जोड़ने हेतु गोमती नदी पर स्टील गार्डर पुल बनाये जाने के संबंध में" श्रीमती नीमा तिवारी निवासी- ग्राम पंचायत गढ़सेर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर में विकासखण्ड कपकोट (मल्ला दानपुर) के ग्राम मल्खादुर्गचा में विद्युतीकरण कराये जाने के संबंध में" श्री जोहा राम निवासी- ग्राम पंचायत मल्खादुर्गवा एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

16. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

17. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

18. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"घ"**)

19. ऊर्जा मंत्री, उत्तराखण्ड ऊर्जा विकास निधि (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

20. ऊर्जा मंत्री, उत्तराखण्ड ऊर्जा विकास निधि (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

21. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

22. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा-कचरा (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

23. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

24. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2013 को पुरःस्थापित करेंगे।

25. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

26. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा एवं पारण :-

"यह सदन महामहिम राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 14 मार्च, 2013 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है"

27. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विविध अधिनियम विधिमान्यकरण विधेयक, 2013 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2 श्री महावीर सिंह<br>3 श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>4 श्री यतीश्वरानन्द<br>5 श्री बिशन सिंह चुफाल<br>6 श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>7 श्री संजय गुप्ता | "उत्तराखण्ड विविध अधिनियम विधिमान्यकरण विधेयक, 2013 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

28. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विविध अधिनियम विधिमान्यकरण विधेयक, 2013 पारित किया जाय।

29. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2013 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री महावीर सिंह<br>3. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>4. श्री यतीश्वरानन्द<br>5. श्री विशन सिंह चुफाल<br>6. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>7. श्री संजय गुप्ता | " भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2013 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

30. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2013 पारित किया जाय।

31. पर्यटन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विशेष क्षेत्र (पर्यटन का नियोजित विकास और उन्नयन) विधेयक, 2013 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री महावीर सिंह<br>3. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>4. श्री यतीश्वरानन्द<br>5. श्री विशन सिंह चुफाल<br>6. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>7. श्री संजय गुप्ता | " उत्तराखण्ड विशेष क्षेत्र (पर्यटन का नियोजित विकास और उन्नयन) विधेयक, 2013 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

32. पर्यटन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विशेष क्षेत्र (पर्यटन का नियोजित विकास और उन्नयन) विधेयक, 2013 पारित किया जाय।

33. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और सेवा संस्था (हिंसा और सम्पत्ति की क्षति का निवारण) विधेयक, 2013 पर विचार किया जाय। (30 मिनट)

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री महावीर सिंह<br>3. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>4. श्री यतीश्वरानन्द<br>5. श्री बिशन सिंह चुफाल<br>6. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना | " उत्तराखण्ड चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और सेवा संस्था (हिंसा और सम्पत्ति की क्षति का निवारण) विधेयक, 2013 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

34. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और सेवा संस्था (हिंसा और सम्पत्ति की क्षति का निवारण) विधेयक, 2013 पारित किया जाय।

35. गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड गन्ना (खरीद एवं पूर्ति विनियम) (संशोधन) विधेयक, 2013 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री महावीर सिंह<br>3. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>4. श्री यतीश्वरानन्द<br>5. श्री बिशन सिंह चुफाल<br>6. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना | " उत्तराखण्ड गन्ना (खरीद एवं पूर्ति विनियम) (संशोधन) विधेयक, 2013 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

36. गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड गन्ना (खरीद एवं पूर्ति विनियम) (संशोधन) विधेयक, 2013 पारित किया जाय।

37. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

38. जनपद हरिद्वार के रुड़की गंगनहर का नीला पुल (झूला पुल) जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंचने तथा सोलानी नदी के पुराने पुर का जीर्णोद्धार करवाने के संबंध में श्री प्रदीप बत्रा, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2013 को दी गई सूचना पर, सिंचाई मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

39. प्रदेश में खाद्य विभाग द्वारा वर्तमान में नये राशन कार्ड जारी नहीं किये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2013 को दी गई सूचना पर, खाद्य मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 19 मार्च, 2013

(डी0पी0गैरोला)
प्रमुख सचिव।

प्रथम सत्र, 2013
का प्रथम मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## मंगलवार, 28 फाल्गुन, शक संवत्, 1934

## ( दिनांक : 19 मार्च, 2013 )

## नत्थी "क"

### अल्पसूचित प्रश्न

श्री नवप्रभात
11.03.2013

**क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2007 से 2012 के बीच वन पंचायतों को प्रतिवर्ष कितनी वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस वित्तीय सहायता में कितनी धनराशि वृक्षारोपण के लिये प्रदान की गई इस धनराशि से प्रदेश में कितना नया वृक्ष आच्छादित क्षेत्र बढ़ाया गया ? वन

# नत्थी "ख"

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 31(4) के अन्तर्गत प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित प्राथमिकता प्राप्त तारांकित प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवप्रभात<br>07.03.2013 | *1 क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वृद्धावस्था पेन्शन हेतु लाभार्थी के चयन के मानक क्या हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वित्तीय मानक (मासिक आय) की सीमा का निर्धारण किस वर्ष में किया गया था तथा इस मानक के निर्धारण का आधार क्या हैं ? | **समाज कल्याण** |

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>14.02.2013 | *1. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने एवं उनके उच्चीकरण किये जाने संबंधी नीति क्या है ? क्या यह सत्य है कि पर्वतीय क्षेत्रों में नीति के कारण आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने एवं उच्चीकरण नहीं हो पा रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त समस्या का समाधान हेतु विचार कर रही है ? | स्वास्थ्य |
| श्री चन्दन राम दास<br>14.02.2013<br>श्री पुष्कर सिंह धामी<br>15.02.2013 | *2. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम में मृतक आश्रितों की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए सरकार मृतक आश्रितों को सेवायोजित करने पर विचार कर रही है ? क्या मंत्री जी उत्तराखण्ड परिवहन निगम के गठन के पश्चात प्रत्येक वर्ग मे मृतक आश्रितों को दी गयी नौकरियों का विवरण जनपदवार, श्रेणीवार प्रस्तुत करने का कष्ट करेंगे ? | परिवहन |
| श्री चन्दन राम दास<br>14.02.2013 | *3. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम में वर्ष 2011, 2012 एवं फरवरी, 2013 तक दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या, घायलों की संख्या तथा दुर्घटनाओं में लापता लोगों की संख्या का जनपदवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार ने मृतकों, घायलों को विगत 3 वर्षों में कितना मुआवजा दिया है ? क्या सरकार पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? | परिवहन |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>15.02.2013<br>श्री मदन कौशिक<br>19.02.2013<br>श्री पुष्कर सिंह धामी<br>20.02.2013 | *4. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में शुगर मिलों द्वारा किस तिथि तक किसानों के गन्ने का भुगतान कर दिया गया है और कितना बकाया है ? क्या तत्काल बकाया भुगतान करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गन्ना |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>15.02.2013 | *5. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचति जाति–जनजाति के छात्रों हेतु प्रशासनिक सेवा परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग सेन्टर खोलने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>15.02.2013 | *6. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के अधीन चिकित्सालयों में मेडिकल लैब तकनीशियन, अल्ट्रा साउण्ड तकनीशियन के कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार उन रिक्त पदों पर डिप्लोमा/डिग्री धारी तकनीशियनों से नियुक्ति करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी 18.02.2013 | *7. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के सीमान्त विधान सभा क्षेत्र खटीमा में निर्माणाधीन रोडवेज बस अड्डे का निर्माण अभी तक पूर्ण न होने के क्या कारण हैं तथा यह समयान्तर्गत पूर्ण हो जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री मदन कौशिक 18.02.2013 श्री नवप्रभात 04.03.2013 | *8. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा जनता को जेनरिक दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु कोई नीति बनाई गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री मदन कौशिक 18.02.2013 | *9. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की विषम आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार द्वारा मितव्ययता हेतु क्या कदम उठाये गये हैं ? | वित्त |
| श्री प्रेम सिंह राना 18.02.2013 श्री चन्दन राम दास 25.02.2013 | *10. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कार्यरत आशा कार्यकत्रियों का मानदेय बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 19.02.2013 | *11. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में गुटका, पान मसाला की तरह क्या सरकार सिगरेट पर भी प्रतिबन्ध लगाने पर विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री दान सिंह भण्डारी 20.02.2013 | *12. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भीमताल विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड ओखलकाण्डा के ग्राम जस्यूड़ा स्थित राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय में सफाई कर्मचारी के अलावा कोई भी स्टाफ नहीं है और मरीजों को उपचार के लिए हल्द्वानी जाना पड़ता है, और कई गम्भीर मरीजों को रास्ते में ही जान गंवानी पड़ती है ? यदि हां, तो उक्त राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय में चिकित्सकों की तैनाती कब तक कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री नवप्रभात 20.02.2013 | *13. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के काशीपुर स्थित चीनी मिल का केन ऐरिया कितना है तथा उसमें कितने गन्ना काश्तकार है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस मिल द्वारा प्रतिवर्ष पिराई किये जाने वाले गन्ने की औसत मात्रा तथा मूल्य क्या है ? क्या वर्तमान पिराई सत्र वर्ष 2012–2013 में इस मिल द्वारा पिराई कार्य किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार द्वारा मिल चलवाने के लिये कोई प्रयास किये गये हैं ? | गन्ना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी 21.02.2013 | *14. | क्या गन्ना मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के गन्ना काश्तकारों से उत्तर प्रदेश में स्थित चीनी मिल, मझोला द्वारा गन्ना लेने से मना कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार काश्तकारों के गन्ना फसल को उत्तराखण्ड स्थित चीनी मिलों में सप्लाई करवाये जाने हेतु कोई प्रयास करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गन्ना |

## अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक 14.02.2013 | 1. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों के विकास की क्या क्या योजनायें हैं ? उक्त योजनाओं का सही लाभ इस वर्ग को मिलना सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कोई प्रभावी नीति बनायी है ? यदि हां, तो क्या ? | समाज कल्याण |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 14.02.2013 | 2. | **प्रथम सोम के अता0 96 में स्थाना0**<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पराचिकित्सा व्यवसायी को स्वतंत्र रूप से निजी व्यवसाय करने के लिये पराचिकित्सा परिषद अधिनियम की धारा 37 में संशोधन कर स्वतंत्र रूप से व्यवसाय करने की सरकार कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रेम सिंह राना 14.02.2013 | 3. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खटीमा, गूलरभौज, चकराता, के कार्यशाला अधीक्षकों को श्रम विभाग के कार्यशाला अधीक्षक के समान वेतनमान दिया जा रहा है ? यदि हां, तो कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री चन्दन राम दास 14.02.2013 | 4. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बागेश्वर में पूर्व में स्थापित सी0एस0सी0 का उच्चीकरण जिला चिकित्सालय बागेश्वर के रूप में किया गया है ? यदि हां, तो सी0एस0सी0 के सृजित पदों के सापेक्ष चीफ फार्मासिस्ट सहित अन्य पदों का जिला चिकित्सालय बनने के उपरान्त कम पद सृजित किये जाने का क्या कारण है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सी0एस0सी0 के पूर्व में सृजित पद तथा जिला चिकित्सालय बनने के बाद सृजित पदों का विवरण सभी श्रेणियों सहित देने का कष्ट करेंगे ? क्या सरकार पूर्व में गठित सी0एस0सी0 को पुनः जीवित करने पर विचार करेंगी ? | स्वास्थ्य |
| श्री मदन कौशिक 15.02.2013 | 5. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में निराश्रित अपंग बाल बालिकाओं के लिए अनाथालय की व्यवस्था है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा निराश्रित अपंग बाल बालिकाओं को क्या–क्या सुविधाये दी जा रही हैं ? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक 15.02.2013 | 6. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश गठन के बाद प्रदेश के किस–किस समुदाय व क्षेत्रों को अन्य पिछड़ा वर्ग की केन्द्रीय अनुसूची में सम्मिलित करने की कार्यवाही की गयी है ? की गई कार्यवाही के अभी तक क्या परिणाम रहे ? | **समाज कल्याण** |
| श्री गणेश जोशी 15.02.2013 | 7. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि दिनांक 08 दिसम्बर, 2006 तो तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मसूरी सेंट मैरी गनहिल चिकित्सालय का शिलान्यास किया गया था ? यदि हां, तो क्या चिकित्सालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि हां, तो कितना कार्य अवशेष है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर 15.02.2013 | 8. **प्रथम सोमवार के अता0 94 में स्थाना0**<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पैरामैडिकल बी0एस0सी0, एम0एल0टी, प्रशिक्षित छात्रों के पंजीकरण हेतु क्या व्यवस्था है ? क्या सरकार द्वारा इनके पंजीकरण हेतु व्यवस्था/नीति निर्धारित की जा रही है तथा उक्त नीति कब तक कियान्वित होगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि शासन द्वारा मान्य संस्थाओं में इन्हे प्रशिक्षित कर इनकी सेवाओं का लाभ लेने हेतु क्या सरकार इनके पंजीकरण करने हेतु ठोस नीति बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 15.02.2013 | 9. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत रिंगालगढ़, बंगसील, क्यारी (थत्यूड़), क्यारी (नगुण), बंगीयाल, मैंडखाल, साबली आदि ग्रामों में ए0एन0एम0 केन्द्रों को खोलने पर क्या सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रेम सिंह राना 15.02.2013 | 10. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता क्षेत्र में अनुसूचित जाति–जनजाति के छात्रों हेतु पॉलिटेक्निक कालेज खोलने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, ता क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री प्रेम सिंह राना 15.02.2013 | 11. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र में राजकीय हाई स्कूल आश्रम पद्धति विद्यालय विडौरा, खटीमा का इन्टर आश्रम पद्धति विद्यालय में उच्चीकरण करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, ता क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 15.02.2013 | 12. **प्रथम सोमवार के अता0 95 में स्थाना0**<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि परा चिकित्सा परिषद का गठन हो चुका है ? यदि हां, तो अब तक कितने डिग्री धारी मेडिकल लैब टैक्निशीयन/डिप्लोमा धारियों का पंजीकरण हो चुका है ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी 18.02.2013 | 13. क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के सीमान्त विधान सभा क्षेत्र खटीमा में निर्माणाधीन 100 शय्याओं वाला चिकित्सालय समयान्तर्गण पूर्ण हो जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 18.02.2013 | 14. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला हरिद्वार के एस0सी0 बाहुल्य कितने ग्रामों में आयुर्वेदिक चिकित्सालय खोलने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार ग्रामों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आयुष** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 18.02.2013 | 15. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा जिला हरिद्वार में आयुष ग्राम स्थापित करने की योजना पर विचार किया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आयुष** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 18.02.2013 | 16. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र बिनकोट भवन हेतु कुल कितना धन वर्षवार स्वीकृत किया गया ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि भवन का कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि हां, तो क्या भवन विभाग को हस्तानान्तरण हो गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 18.02.2013 | 17. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के डीडीहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कुल कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं तथा उक्त केन्द्रो हेतु डाक्टरों के कितने पद सृजित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि डाक्टरों के कितने पद रिक्त हैं तथा उक्त रिक्त पदों पर सरकार कब तक नियुक्ति करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री दलीप सिंह रावत 18.02.2013 | 18. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में नाथ जाति जोगी समुदाय को पिछडी जाति में शामिल करने हेतु कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 18.02.2013 | 19. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के लोहाघाट में ट्रामा सैन्टर का निर्माण पूर्ण हो चुका है ? यदि हां, तो कब तक उक्त सैन्टर को चालू करने की सरकार की योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मदन कौशिक 19.02.2013 | 20. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जनपद वार कुल कितने बाल अपराधी बाल सुधार गृह में रह रहे हैं ? क्या सरकार ने इनके पुनर्वास हेतु कोई योजना बनायी है ? यदि हां, तो उसका परिणाम क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 19.02.2013 | 21. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के कितने भवन कब से निर्माणाधीन हैं ? क्या सभी कार्य समय पर और मानकों के आधार पर हो रहे हैं ? यदि हां, तो विवरण क्या है ? क्या सरकार उक्त निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण कराने हेतु प्रयास करेगी ? यदि हां, तो क्या तथा कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 19.02.2013 | 22. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने कर्मचारियों के यू–हेल्थ स्मार्ट कार्ड बनाये जा चुके हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उनमें से मुस्लिम कार्मिकों के कितने कार्ड जारी किये गये तथा सरकार उनके विवरण उपलब्ध करायेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों | स्वास्थ्य |
| श्री चन्दन राम दास 19.02.2013 | 23. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों में विशिष्ट श्रेणी के व्यक्तियों को निःशुल्क यात्रा का प्रावधान है ? यदि हां, तो वर्ष 2010–11, 2011–12 एवं वर्ष 2012–13 के फरवरी माह तक कितने मा0 सांसदों, मा0 विधायकों, पूर्व विधायकों 40 प्रतिशत से ऊपर विकलांगों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों समेत कितने व्यक्तियों ने यात्रा की है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन निःशुल्क यात्राओं से राज्य परिवहन निगम को कितनी धनराशि का नुकसान हुआ है ? कृपया विवरण देने का कष्ट करेंगे ? | परिवहन |
| श्री चन्दन राम दास 19.02.2013 | 24. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एस0सी0पी0 योजना के अन्तर्गत अस्थापना मद की धनराशि वितरित की जाती है ? यदि हां, तो वर्ष 2009–10, 2010–11, 2011–12 एवं वर्ष 2012–13 फरवरी माह तक कितनी धनराशि जनपद वार आवंटित की गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि धनराशि आवंटन के लिये प्रस्ताव जनपदों से मंगाये जा रहे हैं ? यदि हां, तो जनपद वार प्रस्तावों का विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे ? | समाज कल्याण |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 19.02.2013 | 25. **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त।** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ऋषिकेश में निर्माणाधीन 'एम्स' में आने वाले मरीजों के तीमारदारों के लिये ठहरने हेतु सरकार सराय जैसी सस्ती दरों की व्यवस्था कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री मालचन्द 19.02.2013 | 26. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव में क्षेत्र की भौगोलिक विषमता को दृष्टिगत रखते हुए क्या सरकार शव विच्छेदन गृह की स्थापना करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत 19.02.2013 श्री नवप्रभात 21.02.2013 हाजी सरवत करीम अंसारी 21.02.2013 | 27. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा समस्त विद्यालयों में 2012 तक छात्रवृत्ति की सम्पूर्ण राशि वितरित की जा चुकी है ? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 19.02.2013 | 28. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डीडीहाट में डाक्टरों के कुल कितने पद सृजित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टरों के कितने पद रिक्त हैं तथा कब तक डाक्टरों की नियुक्ति की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गणेश जोशी 19.02.2013 | 29. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी विधान सभा क्षेत्र के ग्राम मसंदावाला हेतु सरकार यातायात सुविधा संचालित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री सहदेव पुण्डीर 19.02.2013 | 30. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून से प्रेमनगर, नन्दा चौकी से घौलास चौकी मार्ग एवं देहरादून से सुद्धोवाला, भाऊवाला मार्ग पर जनता की सुविधाओं के लिये बस सेवा प्रारम्भ करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक सेवा प्रारम्भ कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री दान सिंह भण्डारी 20.02.2013 | 31. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड ओखलकाण्डा के अन्तर्गत ग्राम डालकन्या रा0 एलोपैथिक चिकित्सालय का निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त चिकित्सालय के निर्माण कार्य की क्या प्रगति है तथा यह चिकित्सालय कब तक बन कर पूर्ण हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री आदेश चौहान 20.02.2013 | 32. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रानीपुर बी0एच0ई0एल के अन्तर्गत हरिद्वार नगर निगम के ज्वालापुर में बाल्मीकी बस्ती से त्रिमूर्ती नगर तक गंदा कच्चा नाला बस्ती के बीच से बह रहा है जिस कारण अनेकों बीमारियां फैल रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार स्पेशल कम्पोनेंट प्लान से उक्त नाले व सड़क का निर्माण कराने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो कब तक ? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश चौहान<br>20.02.2013 | 33. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रानीपुर बी0एच0ई0उल के ज्वालापुर में जैन मन्दिर के पास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को वर्ष 2009 में उच्चीकृत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाया गया था ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सी0एच0सी0 हेतु कई करोड़ रूपये सरकार का खर्च हुआ है किन्तु आज तक भी उक्त अस्पताल में सी0एच0सी0 के मानकों के अनुरूप चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की नियुक्ति अभी तक नहीं हो पाई है और न ही अन्य सुविधायें मरीजों को मिल पा रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार सी0एच0सी0 मानकों के अनुरूप चिकित्सकों व स्टाफ की नियुक्ति सहित अन्य सुविधायें देने पर विचार कर रही हैं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री मदन कौशिक<br>20.02.2013 | 34. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धन वर्ग के लोगों को सरकार निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो उसकी कार्य योजना क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री मदन कौशिक<br>20.02.2013 | 35. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में संविदा में कार्यरत ऐलोपैथ/आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सकों के वेतनों में अन्तर है ? यदि हां, तो क्या समान कार्य–सामान वेतन का सिद्धान्त इन पर लागू नहीं है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि समस्त चिकित्सकों को समान वेतन दिये जाने की सरकार की कोई योजना है ? | स्वास्थ्य |
| श्री नवप्रभात<br>20.02.2013<br>श्री मदन कौशिक<br>21.02.2013 | 36. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति (स्कूली शिक्षा, तकनीकी तथा उच्च शिक्षा को सम्मलित करते हुये) का विवरण क्या है तथा इस छात्रवृत्ति में केन्द्रांश तथा राज्यांश का प्रतिशत कितना है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्तमान शिक्षा सत्र तक छात्रवृत्ति का भुगतान छात्रों को किया जा चुका है ? यदि नहीं, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है ? | समाज कल्याण |
| श्री महावीर सिंह रांगड<br>20.02.2013 | 37. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड थौलधार को ओ0बी0सी0 समुदाय में सम्मिलित करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |
| श्री महावीर सिंह रांगड<br>20.02.2013 | 38. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि धनोल्टी विधान सभा के अन्तर्गत ओ0बी0सी0 क्षेत्र जौनापुर विकासखण्ड के छात्रों को अभी तक 2011–12 की ओ0बी0सी0 छात्र वृत्ति नही मिल पायी है यदि हां, तो उक्त छात्रों को कब तक छात्रवृत्ति मिल जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी 20.02.2013 | 39. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत परिवहन विभाग द्वारा आई0एस0बी0टी0/परेड ग्राउण्ड से सहस्त्रधारा तक बसें संचालित की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार सहस्त्रधारा से आगे ग्रामीण क्षेत्रों सेरागांव, पटटाली पटेरू, मझाड़ा, कार्लीगाड, बगड़ा धोरन बसवाल गांव तक बसें संचालित किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां तो कब तक ?यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 20.02.2013 | 40. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में दुर्गम क्षेत्रों में ए0एन0एम0 केन्द्र खोलने के क्या मानक हैं ? क्या सरकार जनपद पिथौरागढ़ के ग्राम पंचायत कौली में ए0एन0एम0 केन्द्र खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 20.02.2013 | 41. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के ओगला नामक स्थान पर परिवहन डिपो खोलने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री अजय टम्टा 20.02.2013 | 42. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराई जा रही है ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री दलीप सिंह रावत 21.02.2013 | 43. **प्रथम सोमवार के अता0 98 में स्थाना0**<br>क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पौड़ी जिले के अन्तर्गत फतेहपुर– लैन्सडौन एवं दुगड्डा – कांडी राष्ट्रीय मार्ग को राज्य मार्ग घोषित करने की सरकार की योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री मालचन्द 18.02.2013 | 44. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में बस/छोटी गाड़ी द्वारा दुर्घटना होने पर मृत्यु/आंशिक रूप से घायलों के लिए सहायता राशि का मानक क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त राशि के वितरण की समयावधि क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 19.02.2013 | 45. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि डाइरेक्ट सब्सिडी कैश ट्रांस्फर योजना के अन्तर्गत गढ़वाल मण्डल में रहने वाले कुल कितने परिवारों को इसका लाभ मिल पायेगा ? यदि हां, तो क्या गढ़वाल मण्डल के सभी व्यक्तियों के पास अपने बैंक अकाउन्ट उपलब्ध हैं ? यदि नहीं, तो इसके लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है ? | वित्त |

# नत्थी "घ"

**कार्य मंत्रणा समिति की दिनांक 15 मार्च 2013 की बैठक में दिनांक 19–03–13 से दिनांक 23–03–13 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप से रखे जाने की सिफारिश की है :–**

मार्च, 2013,

**19** मंगलवार

(1) धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा एवं पारण।

(2) विधायी कार्य :–

1. उत्तराखण्ड विविध अधिनियम विधिमान्यकरण विधेयक, 2013 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
2. भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2013 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
3. उत्तराखण्ड विशेष क्षेत्र (पर्यटन का नियोजित विकास और उन्नयन) विधेयक, 2013 पर विचार एवं पारण।**(30 मिनट)**
4. उत्तराखण्ड चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और सेवा संस्था (हिंसा और सम्पत्ति की क्षति का निवारण) विधेयक, 2013 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
5. उत्तराखण्ड गन्ना (खरीद एवं पूर्ति विनियम) (संशोधन) विधेयक, 2013 पर विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

**20** बुधवार

(1) वित्त मंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2013–14 के आय–व्ययक का प्रस्तुतीकरण। **(अपराह्न 04:00 बजे)**

(2) विधायी कार्य :–

उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2012 जो कि विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को पारित किया गया और जो " भारत का संविधान" के अनुच्छेद–200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश सहित विधान सभा के पुनर्विचार हेतु वापस प्राप्त हुआ है, पर विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21 | गुरूवार | (1) | वित्तीय वर्ष 2013–2014 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| | | (2) | विधायी कार्य। |
| 22 | शुक्रवार | (1) | वित्तीय वर्ष 2013–2014 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| | | (2) | विधायी कार्य। |
| | | (3) | असरकारी कार्य। |
| 23 | शनिवार | (1) | विभागवार अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं मतदान। |
| | | (2) | विधायी कार्य :– |
| | | | विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, विचार एवं पारण। |

........................................................................